# कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर।

पत्रांकः–2115 /1333 / स्वा0 अनुभाग / न0पा0प0फ0 / 2025–26 दिनांकः–22-08-25

## अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2025–26 नगर पालिका परिषद, फतेहपुर सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत 25 वार्डो हेतु डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन करके डम्पिंग ग्राउण्ड तक पहुँचाने एवं यूजर चार्ज वसूलने के कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फतेहपुर कार्यालय में निम्न तिथियों में निविदा दाताओं के उपस्थिति मे खोली जायेगी। जिसका विवरण निम्नवत है:–

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन निविदा प्रारम्भ की तिथि व समय | 22.08.2025 |
| ऑनलाइन निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय 02:00 PM तक | 29.08.2025 |
| ऑनलाइन वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय 04:00 PM तक | 29.08.2025 |

निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्ते नगर पालिका परिषद, फतेहपुर की वेबसाइट **www.nppfatehpur.com** तथा ई–टेण्डरिंग वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता हैं एवं ऑनलाइन निविदा में डाली जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू० 2360/– मय 18 प्रतिशत जी०एस०टी० सहित एवं निविदा की कुल जमानत धनराशि रू0 20000/– (रू0 बीस हजार मात्र) ऑनलाइन भुगतान नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के खाते में आर०टी०जी०एस०/डेबिट अथवा क्रेडिट कार्ड/एन०ई०एफ०टी०/नेट बैंकिंग के माध्यम से अथवा एफ०डी०आर० के रूप में स्कैन कॉपी अपलोड करना अनिवार्य होगा। नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

### नियम व निविदा की शर्ते

1. निविदा Two Bid System (तकनीकी टेन्डर डॉक्यूमेन्ट का Annexure-A एवं वित्तीय टेन्डर डॉक्यूमेन्ट का Annexure-B) में अलग–अलग डाली जायेगी।
2. निविदादाता सभी क्लस्टरों की एक निविदा डाल सकते हैं।
3. निविदादाता को दो क्लस्टर (स एवं द) हेतु डोर–टू–डोर कलेक्शन करके कूड़े को डम्पिंग ग्राउण्ड/एम0आर0एफ0 स्थल तक पहुँचाने एवं यूजर चार्ज वसूलने हेतु कर्मियों को कार्य पर लगाया जाना आवश्यक है। लगाये गये कर्मियों की सूची नगर पालिका के सफाई अनुभाग में उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा। कर्मियों की संख्या कम पाये जाने पर निविदादाता की निविदा निरस्त की जा सकती है। ऑनलाइन निविदा आवेदन हेतु क्लस्टरवार वार्ड का विवरण निम्नवत हैं:–

| क्र0 सं0 | क्लस्टर सं0 | क्लस्टर में सम्मिलित वार्डो की संख्या | क्लस्टरवार वार्डो का नाम | 2011 के अनुसार परिवारो की संख्या | वर्तमान अनुमानित परिवारो की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स | 10 वार्ड (31, 13, 34, 17, 10, 18, 01, 15, 09, 33) | चंदियाना, रेड्इया, अहमदगंज, ज्वालागंज, अरबपुर, बाकरगंज, अजगवॉ, मसवानी, रामगंज पक्का तालाब, सिविल लाइन। | 9705 | 10351 |
| 2 | द | 15 वार्ड (05, 08, 12, 23, 03, 32, 26 25, 27, 28, 30, 20, 22, 07, 06) | गढ़ीवा, झाऊपुर, राधानगर, देवीगंज, बक्सपुर, पनी, पीरनपुर, चौधराना, कलक्टरगंज, महाजरी, खेलदार, सैयदवाड़ा, ईसाइनपुरवा, हरिहरगंज, अन्दौली। | 14872 | 15969 |
| योग | | | | 24577 | 26320 |

4. निविदा की समस्त टेण्डर डॉक्यूमेन्ट एवं शर्ते इत्यादि नगर पालिका परिषद, फतेहपुर की ई–टेण्डरिंग वेबसाइट www.nppfatehpur.com तथा ई–टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
5. विवाद की स्थिति के बाद फतेहपुर में मा0 न्यायालय में ही किया जा सकता है।
6. टेण्डरिंग दाता द्वारा टेण्डर के साथ जो भी प्रपत्र अपलोड किये जायेगें, उस समस्त संलग्न प्रत्येक पर टेण्डर दाता के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।
7. निविदाता द्वारा डोर–टू–डोर कलेक्शन से प्राप्त धनराशि नगर पालिका परिषद, फतेहपुर में जमा कराना होगा। विभाग द्वारा जमा धनराशि का 90 प्रतिशत हिस्सा निविदादाता को भुगतान कर दिया जायेगा एवं अवशेष 10 प्रतिशत की धनराशि कार्य संतोषजनक होने की दशा में विभागीय संस्तुति के आधार पर किया जायेगा।
8. कार्यरत सभी कर्मचारी निर्धारित वर्दी में कार्य करेगें एवं वाहनो हेतु ईंधन व्यय कार्यदायी संस्था/फर्म द्वारा दिया जायेगा ।
9. नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के प्रत्येक चयनित क्लस्टर (स एवं द) में संस्था द्वारा आवश्यकतानुसार रिक्शा/ मिनी ट्रिपर उपलब्ध कराये जायेगें। जिसका रख–रखाव संस्था/फर्म द्वारा किया जायेगा एवं मरम्मत से लेकर ईंधन तक सम्बन्धित खर्च संस्था/फर्म वहन करेगी।
10. निविदादाता को उक्त कार्य के लिये एक कन्ट्रोलरूम की व्यवस्था करनी होगी, जिसमें एक टोल–फ्री दूरभाष नं० वेबसाइट का पता दिया जाना होगा। निविदादाता को शिकायतों के निस्तारण के लिये ऑनलाइन सॉफ्टवेयर तैयार करना होगा व उसका लॉगिन पॉसवार्ड नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के सम्बन्धित अधिकारी को प्राप्त कराया जायेगा, जिससे कि शिकायतों का मानिटरिंग की जा सके। कन्ट्रोलरूम 24×7 कार्य करेगा। निविदाता को प्राप्त शिकायतों का निस्तारण 24 घण्टे के अन्दर करना होगा। शिकायतों के निस्तारण न होने की दशा में निविदादाता के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
11. निविदादाता के प्रत्येक वार्ड में डोर–टू–डोर कलेक्शन, कूड़े को डम्पिंग ग्राउण्ड/एम0आर0एफ0 तक पहुँचाने एवं यूजर चार्ज वसूलने के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिकायत प्राप्त होने पर एवं शिकायत जाँच उपरान्त सही पाये जाने पर निविदादाता से वार्डवार कुल यूजर चार्ज कलेक्शन की धनराशि के उस माह के बिल में से 05 हजार प्रतिदिन के हिसाब से कटौती की जायेगी।
12. निविदा डालते समय निविदादाता को निम्न डाक्यूमेन्ट का ई–टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in में तकनीकी निविदा प्रपत्र Annexure-A में दिये गये स्थान पर स्कैन कर अपलोड किया जाना आवश्यक है।

- फर्म/संस्था का नाम एवं पता एवं निविदादाता का नाम
- टेण्डर डाक्यूमेन्ट का मूल्य
- ई.एम.डी. (अर्नेस्ट मनी) जमा करना
- फर्म का पंजीकरण, ज0एस0टी0, जेम पोर्टल पंजीकरण।
- ISO पंजीकरण, बैलेन्स सीट, आई0टी0आर0 3 वर्ष का, 3 वर्ष की प्रगति रिपोर्ट।
- कार्यान्वयन और परियोजनाओं के निष्पादन के लिए नवीनतम तकनीक प्रयोग का विवरण।
- श्रम विभाग रजिस्ट्रेशन ।

13. डोर–टू–डोर कलेक्शन इत्यादि कार्य में लगे समस्त मानव संसाधन (दैनिक भत्ता) से सम्बन्धित खर्चा फर्म/संस्था वहन करेगी। उपरोक्त से सम्बन्धित समस्त कार्यों की जिम्मेदारी फर्म/संस्था की होगी। नगर पालिका का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा ।
14. समस्त निविदाता को राष्ट्रीयकृत बैंक की रू0 20000 (रू0 बीस हजार मात्र) बैंक गारन्टी अथवा एफ०डी०आर० अथवा एन०एस०सी० के रूप में अनुबन्ध के समय परफार्मेस गारन्टी के रूप में जमा करनी होगी।
15. कचरे का उठान हर स्थिति में प्रातः 10:00 बजे तक कर लिया जाये।
16. प्रत्येक रिक्शा/मिनी ट्रिपर में सूखे एवं गीले कचरे के अलग–अलग उठान की व्यवस्था होगी।

17. डोर–टू–डोर कलेक्शन का कार्य करने वाली संस्था को निर्धारित यूजर चार्ज कलेक्शन का अधिकार होगा। किसी भी दशा में संस्था द्वारा निर्धारित यूजर चार्ज से अधिक दर लिये जाने पर संस्था के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
18. तकनीकी मूल्यांकन प्रारूप नीचे दिया गया है, निविदा में तकनीकी जानकारी निविदादाताओं द्वारा प्रस्तुत मूल्यांकन के आधार पर किया जायेगा। अगर किसी निविदादाता द्वारा मूल्यांकन के लिये आवश्यक सूचना निविदा डालने के समय अपलोड नही किया जायेगा तो उसका शून्य अंक दिया जायेगा ।
19. चयनित फर्म/संस्था द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के पूर्व सम्बन्धित वार्ड का बेसलाइन सर्वे के कार्य की रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप/रजिस्टर में हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराया जायेगा।
20. डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के दौरान व्यवसायिक/आवासीय परिवारो की रिपोर्ट प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह (1 से 5 तारीख तक) निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध करायेगी।
21. चयनित वार्डो में परिवारो से शत प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली संस्था/फर्म द्वारा की जायेगी। वार्ड वार प्रतिमाह संस्था/फर्म द्वारा कम से कम 50 प्रतिशत वसूली धनराशि कार्यालय में जमा करेगी जिसके सापेक्ष जमा वसूली धनराशि का 90 प्रतिशत साथ में 40 प्रतिशत यूजर चार्ज की वित्तीय सहायता प्रत्येक माह निकाय द्वारा प्रदान की जायेगी।
22. आवासीय परिवारो एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानो से निर्धारित शुल्क की ही वसूली की जायेगी जिसका विवरण निम्नवत हैः–

- घर परिवारो हेतु प्रतिमाह रू0 60.00 (रू0 साठ मात्र) निर्धारित।
- व्यवसायिक प्रतिष्ठानो द्वारा प्रतिमाह रू0 150.00 (रू0 एक सौ पचास मात्र) निर्धारित।
- गेस्ट हाउस/होटल/बल्क बेस्ट जनरेटर द्वारा रू0 500.00 (रू0 पॉच सौ मात्र) प्रति बुकिंग निर्धारित।

## तकनीकी मूल्यांकन प्रारूप

| क्र0 सं0 | मापदण्ड | अधिकतम अंक | अभ्युक्ति | अपलोड (हॉं/नहीं) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संस्था/फर्म का पंजीकरण न्यूनतम 3 वर्ष का। | 10 | 5 वर्ष से अधिक–10 अंक<br>3–5 वर्ष –05 अंक | |
| 2 | बैलेन्स सीट न्यूनतम 3 वर्ष की न्यूनतम 10 लाख प्रतिवर्ष। | 10 | 10 लाख प्रति वर्ष से अधिक –10 अंक<br>10 लाख प्रतिवर्ष तक –08 अंक | |
| 3 | न्यूनतम 3 वर्ष का आई0टी0आर0. | 10 | 3 वर्ष से अधिक– 10अंक<br>3 वर्ष हेतु –08 अंक | |
| 4 | स्वच्छ भारत मिशन में कार्य करने का अनुभव कम से कम 2 वर्ष का। | 10 | 2 वर्ष से अधिक – 10 अंक<br>2 वर्ष तक – 08 अंक | |
| 5 | नवीनतम तकनीक का प्रयोग जी0एस0टी0 पंजीकरण। | 10 | जी0एस0टी0 एवं नवीनतम तकनीकी – 10 अंक<br>मात्र जी0एस0टी0– 08 अंक | |
| 6 | जैम पोर्टल का पंजीकरण। | 10 | 10 अंक | |
| 7 | 12ए एवं 80जी। | 10 | 10 अंक | |
| 8 | श्रम विभाग में पंजीकरण। | 10 | 10 अंक | |
| 9 | ISO प्रमाण पत्र। | 10 | 10 अंक | |
| 10 | योग्य एवं कुशल कार्मिको का विवरण कम से कम 2 कार्मिको के पास एम0बी0ए0/एम0एस0डब्लू0 की उपाधि हो। | 10 | 2 अधिक कार्मिको के पास एम0बी0ए0/एम0एस0डब्लू0 उपाधि – 10 अंक<br>2 कार्मिक – 08 अंक | |

जिन निविदादाता को तकनीकी मापदण्ड में अधिकतम 100 अंक में से न्यूनतम 70 प्रतिशत (70 अंक) प्राप्त होगें वह वित्तीय निविदा को खोलने में अर्ह होगें। जिनका 70 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त होगें उनकी निविदा वित्तीय हेतु नहीं खोली जायेगी।

जिनकी निविदा एक बार गलत व अस्वीकृत कर दी गई है तो उस निविदा को निविदाता द्वारा संशोधित करने पर मान्य नही होगी, न ही ओवर राईटिंग अथवा वाइटनर इत्यादि का प्रयोग मान्य नहीं होगा।

(रविन्द्र कुमार)
अधिशाषी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

(राजकुमार मौर्य)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

**संख्या व दिनांक यथोपरि।**

**प्रतिलिपिः–**

1. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र..................................................को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने अगले अंक में कम से कम शब्दो में प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
2. कार्यालय जिलाधिकारी, फतेहपुर में नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
3. तहसीलदार सदर, फतेहपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
4. कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर में नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

(रविन्द्र कुमार)
अधिशाषी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

(राजकुमार मौर्य)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर।

विषयः— डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य हेतु 25 वार्डो की सूची।

तालिका—क

| क्र0सं0 | वार्ड का नाम | वार्ड का नं0 | 2011 के अनुसार परिवारो की संख्या | वर्तमान में अनुमानित परिवारो की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अजगंवॉ | 1 | 1004 | 1077 |
| 2 | बक्सपुर | 3 | 620 | 666 |
| 3 | गढीवा | 5 | 700 | 752 |
| 4 | अन्दौली | 6 | 2035 | 2184 |
| 5 | हरिहरगंज | 7 | 1433 | 1538 |
| 6 | झाऊपुर | 8 | 650 | 699 |
| 7 | रामगंज पक्का तालाब | 9 | 1108 | 1190 |
| 8 | अरबपुर | 10 | 602 | 648 |
| 9 | राधानगर | 12 | 1839 | 1973 |
| 10 | रेडइया | 13 | 1218 | 1307 |
| 11 | मसवानी | 15 | 1379 | 1480 |
| 12 | ज्वालागंज | 17 | 1463 | 1570 |
| 13 | बाकरगंज | 18 | 1046 | 1122 |
| 14 | सैयदवाडा | 20 | 766 | 824 |
| 15 | ईसाईपुरवा | 22 | 620 | 666 |
| 16 | देवीगंज | 23 | 1621 | 1739 |
| 17 | चौधराना | 25 | 577 | 620 |
| 18 | पीरनपुर | 26 | 620 | 666 |
| 19 | कलक्टरगंज | 27 | 1156 | 1240 |
| 20 | महाजरी | 28 | 804 | 864 |
| 21 | खेलदार | 30 | 761 | 818 |
| 22 | चंदियाना | 31 | 740 | 795 |
| 23 | पनी | 32 | 670 | 720 |
| 24 | सिविल लाइन | 33 | 681 | 731 |
| 25 | अहमदगंज | 34 | 471 | 506 |
| योग | | | 24584 | 26395 |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर

पत्रांकः–2120 /1334 / सफाई अनु0 / न0पा0प0फ0(2025–26) दिनांकः–23/08 /2025

## संशोधित अति अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, फतेहपुर द्वारा सूचित किया जाता है, कि मा0 बोर्ड फण्ड / राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत डूर–टू–डूर कार्य की ई–प्रोकयोर्मेन्ट निविदाएं दिनांक–23.08.2025 से दिनांक–29.08.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की गयी है। जो अपरिहार्य कारणों से निविदा को निरस्त करते हुए पुनः निविदाए दिनांकः–25.08.2025 से दिनांकः–30.08.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय कर डाले जायेगे। तकनीकी निविदाएं दिनांक–30.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेगी, तत्पश्चात् तकनीकी निविदा से सफल निविदादाताओं की वित्तीय निविदाए खोली जायेगी।

नियम व शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद की वेबसाइट www.nppfatehpur.com तथा http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

23/08/25

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।